www.wagadsandesh.com

# वागड़ संदेश

Tital Code : RAJHIN27802

जन मन की आवाज

सम्पर्क

ई-पेपर मे खबरे व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें

ई-मेल - editorwagadsandesh@gmail.com

8890633631
9309255545
6351581818

वर्ष-1 | अंक-134 | सागवाड़ा, शुक्रवार, 14 जनवरी, 2022 | अवधि: हिन्दी ई-पेपर | पृष्ठ-1, मूल्य-10 रु. (वार्षिक)


### ऑनलाइन ठगी में पुलिस की साईबर सेल को सफलता हाथ लगी,

## पीड़ित युवक को 40 हजार की राशि रिफंड करवाई

**डूंगरपुर।** जिले के कोतवाली थानान्तर्गत शहर की शास्त्री कॉलोनी निवासी युवक से ऑनलाइन ठगी मामले में पुलिस की साईबर सेल को सफलता हाथ लगी है। साईबर सेल ने पीड़ित युवक को 40 हजार की राशि आज रिफंड करवाई है। युवक से क्रेडिट कार्ड पर केशबेक दिलाने के नाम पर ठगी की गई थी। जिला पुलिस अधीक्षक सुधीर जोशी ने बताया की 4 सितम्बर 2021 को शहर की शास्त्री कॉलोनी निवासी उत्सव शुक्ला ने साईबर सेल को शिकायत की थी जिसमे पीड़ित उत्सव ने बताया था की किसी अज्ञात व्यक्ति का कॉल उसके मोबाइल पर आया था। जिसमे सामने वाले व्यक्ति ने खुद को बैंक का नोडल अधिकारी बताया और कहा की उनके क्रेडिट कार्ड पर रिवार्ड पॉइंट मिल रहे है। जिससे उनके खाते में भारी कैशबेक मिलेगा।

फोन करने वाले व्यक्ति ने कैशबेक पाने के लिए बैंक की वेबसाईट पर जाकर पूरी जानकारी दर्ज करने के लिए कहा और पीड़ित को बैंक से मिली जुली एक फर्जी वेबसाईट उपलब्ध करवाई और पीड़ित से उसकी पूरी निजी जानकारी भरवा ली। क्योकि फर्जी वेबसाईट का एड्रेस लगभग बैंक की वेबसाईट जैसा ही होने से पीड़ित को धोखाधड़ी का अंदाजा नहीं लगा। लेकिन कुछ देर बार पीड़ित के खाते से जब 60 हजार 272 रूपये उड़े तब पीड़ित को अपने साथ हुई ठगी का पता चला। खुद के साथ हुई ठगी का पता चलने पर पीड़ित उत्सव ने मामले की शिकायत जिला साईबर सेल को की । शिकायत मिलने पर साईबर सेल ने मामले की जांच शुरू की और पीड़ित का बैंक स्टेटमेंट लिया जिसमे देखा की उक्त राशि पे टीएम अकाउंट में जमा हुई है। जिस पर साइबर सेल ने पेटीएम के नोडल अधिकारी हरिओम कुमार की सहायता ली गई।

पेटीएम नोडल अधिकारी की सहायता पर साईबर सेल ने पीड़ित के 40 हजार रुपए बचाए और उसे आज पीड़ित के खाते में रिफंड करवाए। एसपी जोशी ने बताया की पीड़ित की 20,272 रूपये की शेष राशि को पुन: पीड़ित को दिलाने के लिए भी प्रयास किये जा रहे है।

## मकर सक्रांति पर जेल में बंद कैदियों को कराया मीठा भोजन




**सागवाड़ा।** मकर सक्रांति के अवसर पर सागवाड़ा उप कारागृह में बंदियों को मीठा भोजन कराया। गोवाडी निवासी भामाशाह राजेंद्र पुत्र शंकरलाल मोड़ पटेल द्वारा अपने पिता की स्मृति में जेल में बंद 116 बंदियों को दूध पूरी का भोजन कराया। वे पिछले कई वर्षों से मकर सक्रांति पर बंदियों को भोजन दे रहे हैं। इस मौके पर जेलर बाबुलाल दामा, मुख्य प्रहरी करणसिंह, मुकेश डामोर, देवीलाल रोत, प्रहरी दिनेश कुमार व गोविंदसिंह के साथ ही भामाशाह परिवार के नरेश पटेल, जीगर पटेल, चांस पटेल, राकेश पटेल, मिहिर पटेल आदि मौजूद रहे।

## मकर सक्रांति पर्व पर श्री उत्तम गौशाला में गो ग्रास का कार्यक्रम



**सागवाड़ा ।** रोटरी क्लब द्वारा जरूरतमंदों के सेवार्थ आज सेवा पर्व पर सर्वप्रथम श्री श्री उत्तम गौशाला में गो ग्रास का कार्यक्रम किया गया गौ माता का आशीर्वाद लेने के बाद आर्थिक रूप से पिछड़े लोगों के बीच में जाकर राहत सामग्री पहुंचाई कंबल स्वेटर जूते खाद्य सामग्री जिसमें गौशाला अध्यक्ष श्रीमान ललित जी पंचाल द्वारा सभी रोटेरियन का ऊपरना ओढ़ाकर स्वागत किया गया रोटरी क्लब सागवाड़ा के अध्यक्ष श्री मान हंसमुख पटेल सचिव वैभव गोवाडिया संचालक सदस्य विश्वास दवे राकेश गवारिया साथ में मानव गुप्ता,जितेन्द्र पाटीदार, शैलेश कलाल, वरुण पालविया, जयेश भाटीया, कुलदीप जैन भाविक कोठारी,यश वाडेल हेमन्त सुथार,कपिल सुथार, विनोद पागरिया, हितेश शर्मा, जितु पाटीदार साथ में थे।

## राजस्थान में 10307 नए संक्रमित, 3 की मौत

**जयपुर।** राजस्थान में शुक्रवार को कोरोना के 10 हजार 307 नए संक्रमित मिले हैं, जबकि 3 मरीजों की मौत हुई है। मरने वालों में जोधपुर, उदयपुर और दौसा के मरीज हैं। प्रदेशभर में 3096 मरीज रिकवर हुए हैं। प्रदेश में एक्टिव केस की संख्या अब 50 हजार पार गई है। अब 52 हजार 773 एक्टिव केस हो गए हैं। जयपुर में सबसे ज्यादा 2549 संक्रमित मिले हैं। जयपुर में मिले 2549 पॉजिटिव केस में से सोडाला में 130, वैशाली नगर में 129, झोटवाड़ा में 124, कोटपूतली में 97, जगतपुरा में 91, जिनके पते नहीं मालूम ऐसे 85 केस शामिल हैं। कोरोना के नए वैरिएंट ओमिक्रॉन ने पॉजिटिव मरीजों की संख्या बढ़ा दी है। इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि इस साल की शुरुआत से 13 जनवरी तक जितने भी टेस्ट किए गए।

## सड़क हादसे में एक कि मौत एक घायल

**डूंगरपुर।** जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र के भंडारिया घाटा के पास एक अज्ञात वाहन ने बीती रात एक बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई जबकि मृतक का चचेरे गंभीर घायल हो गया। घायल का जिला अस्पताल में उपचार जारी है। वही पुलिस ने शव को मोर्चरी में रखवाया है। कोतवाली थाने के सीआई दिलीपदान चारण ने बताया की आड़ीवाट निवासी राजेन्द्र डामोर व उसका चचेरा भाई रमणलाल डामोर गुजरात में मजदूरी करते है। कल रात को दोनों चचेरे भाई बाइक पर अहमदाबाद से सक्रांति के चलते अपने गाँव आड़ीवाट लौट रहे थे। इस दौरान डूंगरपुर-सीमलवाडा मार्ग पर भंडारिया घाटा के पास एक अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में दोनों गंभीर घायल हो गए।

रात होने के चलते दोनों घायल काफी देर तक सडक पर भी पड़े रहे इस दौरान वहा से गुजर रहे अन्य वाहन चालको ने जब घायलों को सडक पर पड़े देखा तो उसकी सुचना पुलिस को दी। सुचना पर कोतवाली थाना पुलिस मौके पर पहुंचीं और घायलों को रात को जिला अस्पताल में भर्ती करवाया था। इधर आज सुबह गंभीर घायल राजेन्द्र डामोर की उपचार के दौरान मौत हो गई। सुचना पर कोतवाली थाना पुलिस जिला अस्पताल पहुंची। पुलिस ने शव को जिला अस्पताल की मोर्चरी में शिफ्ट करवाया। इधर हादसे के बाद मृतक के परिजनों का रो-रो कर बुला हाल है। कोतवाली थाना पुलिस ने जिला अस्पताल की मोर्चरी में पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द किया। वही परिजनों की रिपोर्ट पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। मृतक राजेन्द्र डामोर की शादी तीन साल पहले हुई थी जिसके 2 साल की एक बच्ची है। इधर राजेन्द्र की मौत के बाद 2 साल की बच्ची के सिर से पिता का साया उठ गया है।

## बीजेपी राममंदिर को मुद्दा नहीं बना पाएगी : सचिन



**जयपुर।** राजस्थान के पूर्व डिप्टी सीएम सचिन पायलट ने 5 राज्यों के चुनावों को लेकर बीजेपी पर निशाना साधा है। पायलट ने कहा है कि यूपी बीजेपी से नेताओं का पलायन हो रहा है। मंत्री-एमएलए छोड़ रहे हैं। इतना ही आत्मविश्वास है, तो लोग बीजेपी को छोड़कर भाग क्यों रहे हैं? यूपी बीजेपी में खींचतान भी जगजाहिर है। राम मंदिर के चुनावी फायदे पर पायलट ने कहा- सुप्रीम कोर्ट के आदेश से भव्य राम मंदिर बन रहा है। इसका सब दलों ने स्वागत किया है। बीजेपी को अब इसका फायदा नहीं होगा। बीजेपी चाहकर भी राम मंदिर को मुद्दा नहीं बना पाएगी। शुक्रवार को पायलट ने कहा- धार्मिक भावनाओं से राजनीति करना स्वस्थ परंपरा नहीं है। धरातल के मुद्दों पर चर्चा होनी चाहिए। पांच राज्यों के चुनावों में कांग्रेस से ज्यादा चुनौती बीजेपी के सामने आने वाली है। जनता बीजेपी की सरकारों से नाराज है। महंगाई, बेरोजगारी जैसे मुद्दों से बीजेपी को नुकसान होगा। कांग्रेस पांचों राज्यों में बेहतर परफॉर्म करेगी। किसान आंदोलन का बीजेपी के लिए नेगेटिव इम्पैक्ट होगा। ये चुनाव बीजेपी के लिए बड़ी चुनौती है। महंगाई बेरोजगारी से आदमी परेशान है। बीजेपी के किसी नेता ने नहीं कहा कि महंगाई, बेरोजगारी कम करेंगे। अंत में जब सब स्लोगन फेल हो जाते हैं तो ध्रुवीकरण की राजनीति पर आ जाते हैं। यह उनका परखा हुआ फॉर्मूला है। सचिन पायलट ने कहा- यूपी में लोगों पर वहां की सरकार ने अत्याचार किया तो प्रियंका गांधी और कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मजबूती से ग्राउंड पर रहकर विपक्ष की भूमिका निभाई। बाकी दल तो गायब थे। यूपी में बदलाव निश्चित रूप से होगा। नतीजे चौंकाने वाले आएंगे। कांग्रेस को अच्छी सफलता मिलेगी। यूपी में योगीजी का रवैया ठीक नहीं रहा है। 80 बनाम 20 फीसदी की बात कोई मुख्यमंत्री की कुर्सी पर बैठा व्यक्ति करता है तो यह शोभा नहीं देता। यूपी में भय का वातावरण है। डबल इंजन की सरकार कहते हैं, लेकिन कोरोना में यूपी सरकार लोगों के लिए इलाज की व्यवस्था नहीं कर सकी। नदियों में लाशें बहीं।

### सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की ओर से समारोह आयोजित

## 50 निशक्तजनों को मोटराइज्ड ट्राई साइकिल वितरण की गई



**डूंगरपुर।** जिले के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की ओर से निशक्तजनों को मोटराइज्ड ट्राई साइकिल वितरण समारोह का आयोजन किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि डूंगरपुर विधायक गणेश घोघरा रहे। वही कार्यक्रम में उपजिला प्रमुख सुरता परमार, प्रधान कांता कोटेड व सामाजिक न्याय एव अधिकारिता विभाग के सहायक निदेशक अशोक शर्मा भी मौजूद रहे। कार्यक्रम में अतिथियों ने मुख्यमंत्री बजट घोषणा के तहत 50 निशक्त जन को मोटराइज्ड ट्राई साइकिल का वितरण किया गया।

ट्राई साइकिल पर बैठकर दिव्यांगजन भी खुश हो गए। इससे पहले समाज कल्याण विभाग की ओर से वर्ष 2012 में 25 दिव्यांगों को मोटराइज्ड ट्राई साइकिल मिली थी। इसके बाद से योजना में ट्राई साइकिल नहीं आई। विधायक गणेश घोघरा ने कहा कि राज्य की गहलोत सरकार सभी वर्ग की सुविधाओं का ध्यान रख रही है। मोटराइज्ड ट्राई साइकिल से दिव्यांग अपने खूद कर काम कर सकेंगे। वहीं छात्र अपनी पढ़ाई के लिए खुद आ-जा भी सकते है। उन्होंने कहा कि सरकार ऐसे सभी लोगों की मदद करेगी जो किसी न किसी तरह से परेशान है। इस मौके पर विधायक ने सरकार की कल्याणकारी योजनाओं व उपलब्धियों को गिनाया साथ युवा निशक्तजन को ऊँची सोच रखते हुए अपने लक्ष्य हासिल करने का आव्हान किया वही अपने संबोधन के दौरान विधायक गणेश घोघरा ने एक बड़ी घोषणा भी की जिसमे उन्होंने आने वाले सालो में अपने विधायक मद से अपने विधानसभा क्षेत्र के अन्य निशक्तजनों को भी मोटराइज्ड ट्राई साइकिल की घोषणा की। इसके लिए उन्होंने सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के सहायक निदेशक अशोक शर्मा जो सूचि बनाने के निर्देश दिए।



## आदिवासी समाज की क्रिकेट प्रतियोगिता



**सागवाड़ा।** एकलव्य भील सेवा संस्थान की तरफ से महिपाल खेल मैदान में आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता के छटे दिन शुक्रवार को दो क्वार्टर फाइनल और दो सेमी फाइनल के साथ बास्केटबॉल और रस्सा कस्सी मैच हुए। आयोजन कमेटी के सदस्य अविनाश मालिवाड ने बताया कि समाज की तरफ से खेली जा रही क्रिकेट टूर्नामेंट मे शुक्रवार को चार मैच खेले गए जिसमे क्वाटर फाइनल मे सूवारो का डूंगरा ए ने पालिया ए को व दूसरे मेच मे वडियो का डूंगरा ए ने वडियो का डूंगरा एच को पराजित कर सेमीफाइनल मे प्रवेश किया। सेमीफाइनल मैच मे पहला मैच सूवारों का डूंगरा ए ने वडियो का डूंगरा ई को और वडियो का डूंगरा ए ने वडियो का डूंगरा डी को पराजित कर फाइनल में प्रवेश किया। मालीवाड़ ने बताया कि समाज की तरफ से महिला बास्केटबॉल प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में पालिया ए ने पालिया बी को पराजित करते हुए ट्रॉफी पर कब्जा जमाया।

रस्साकस्सी मैच में सूवारो का डूंगरा विजेता रहा। आयोजन पालिया फला मोहल्ले ने किया। कमेटी के सदस्य अजय सुवारा ने बताया कि क्रिकेट के फाइनल मैच के साथ ही 100 मीटर दौड़, लंबी कूद व भाला फेक सहित कई प्रतियोगिताएं करवाई जाएंगी। इस दौरान समाज के अध्यक्ष मोहनलाल भगोरा, बदामीलाल भगोरा, गटूभाई भगोरा, भावेश, राकेश, कमलेश, दीपक व रोहित मौजूद थे। जितेन्द्र अहारी व नरेश चिता ने कमेंट्री की।

## पतंगबाजी पर मौसम और महंगाई की मार

**लक्ष्मणगढ़।** मौसम में हुए बदलाव व महंगाई की मार का असर मकर सक्रांति पर भी साफ दिखाई दे रहा है। आसमान में सुबह से कोहरा छाया हुआ है। साथ ही ठंडी हवाएं भी चल रही है। जिसकी वजह से आसमान में पतंगों का अभाव सा नजर आ रहा है।

## जिला सेवादल की कार्यकारिणी गठित





**डुंगरपुर।** जिला सेवादल अध्यक्ष गौतमलाल पंड्या ने जिला सेवादल कार्यकारिणी गठन किया। सागवाड़ा के सुरभि कॉम्प्लेक्स में नवीन कार्यकारिणी का अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व राज्य मंत्री दिनेश खोडनिया रहे।

अध्यक्षता चौरासी विधायक प्रत्याशी महेन्द्र बरजोड ने की वही बिछीवाड़ा ब्लॉक अध्यक्ष कृष्णराज सिंह, राजस्थान प्रदेश युवक कांग्रेस के प्रवक्ता अतुल सारगिया,पूर्व सेवादल अध्यक्ष ध्यानी कंसारा के आतिथ्य में आयोजन हुआ। नवीन कार्यकारिणी का माला एवं गांधी टोपी पहना कर अतिथियो ने स्वागत किया। स्वागत के पश्चात सभा का आयोजन किया गया, अतिथियो ने सभा को संबोधित किया और सेवादल के माध्यम से जिले में कांग्रेस को मजबूत करने का आह्वान किया। कार्यकारिणी में कुल 6 जिला उपाध्यक्ष, 4 विधानसभा अध्यक्ष, 9 ब्लॉक सेवादल अध्यक्ष, 9 जिला महासचिव,10 जिला सचिव,10 संयुक्त सचिव, 1 सेवादल जिला कम्युनिकेशन कॉर्डिनेटर, 3 सेवादल जिला कॉम्युनिकेशन सह को ऑर्डिनेटर, 1 जिला सेवादल प्रशिक्षक तथा 1 जिला प्रवक्ता के पद पर मनोनयन किया गया ।

जिलाध्यक्ष गौतमलाल पंड्या ने शीघ्र ही ब्लॉक कार्यकारिणी के गठन के निर्देश दिए ।

### इनको मिला दायित्व

हेमराज अहारी डूँगरपुर, जयकृष्ण मीणा आसपुर, विनोद पंड्या सागवाड़ा, अनिल जैन चोरसी सेवादल विधानसभा का अध्यक्ष मनोनित किया गया वही रविशंकर भट्ट, चुन्नीलाल बरंडा, गौतमलाल यादव, शान्तिलाल पारगी, शिवलाल भोमात, मुस्तफा अब्दुल रहीम को सेवादल उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया।